# LEKHA SAMBAD

October, 2024 to June, 2025

सत्यमेव जयते

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

*In recognition of long service*



# OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (A&E) WEST BENGAL

# "LEKHA SAMBAD"

## October, 2024 to June, 2025




**कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक) पश्चिम बंगाल, कोलकाता-700001**

OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (A&E), WEST BENGAL, KOLKATA-700001



स्टाफ के अधिवार्षिता के अवसर पर उच्चाधिकारीगण

**HIGHER OFFICIALS ON THE OCCASION OF SUPERANNUATION OF STAFFS**

**LEKHA SAMBAD**
**NEWSLETTER OF THE OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (A&E),**
**WEST BENGAL,KOLKATA–700001**

**Issue:October,2024–June,2025** **Vol.-LXXXVII**

Dear colleagues,

Monsoon, the most awaited time of the year has arrived with torrential rain and thunderstorm. Excess or deficient rainfall can lead to flood or drought, affecting food security, livelihood and the overall economy. This year forests and paddy fields have been rejuvenated on time. On this auspicious time, wish all the members of AG Bengal family good health, peace and prosperity.

Accountability, transparency, fairness and collective efforts are the driving force of this great organization. Hope seasoned professionals and young minds will bring laurels with their initiatives and exploration.

Not to forget, the deluge of heavy rain, waterlogging everywhere will disappear soon and Autumn, the season of festival is no far.

Wish good luck and happy moments ahead.

**Anindya Dasgupta**
**AccountantGeneral(A&E),**
**West Bengal**

## UPDATIONS AND CHANGES MADE IN THE WORK AREA

**Fund Group:**

(A) The SMS facilities have been introduced to communicate with the GPF subscribers in connection with

(i) Awaiting nomination (ii) Nomination Acceptance/Return and

(iii) Allotment of new GPF number and return of defective allotment application.

(B) The total number of final payment cases disposed during the period from January,2025 to June,2025:

January, 2025 -1062

February, 2025 -966

March, 2025-634

April, 2025-696

May, 2025 – 766

June, 2025 - 770

**Accounts Group:**

Some updations and changes have been made in Monthly Civil Accounts (MCA) of Govt. of West Bengal in Accounts Group.

(i) Since February 2025, the MCA has been sent to State Government digitally with digital signature.

(ii) To make MCA more compact and user friendly the A3 paper format of MCA has been changed to A4 paper format.

(iii) A new page considering as cover page consisting of two logos, one is of C&AG and another is Govt. of West Bengal. Hence, the previous cover page of MCA depicting with heading ‘General Statement of Accounts’ is considered as $2^{nd}$ page.

(iv) A Table of Contents has been introduced.

(v) Previously, the addressee and memo no. with date were shown in the next page of the cover page. Now, the addressee and memo no. with date are replaced from the previous format and inserted in the forwarding letter recently introduced.

(vi) Previously, in page with heading ‘Inclusion and Exclusion Statement’ there was designation of Deputy Accountant General (Accounts, VLC & CISO) to put his signature. Now, due to introduction of e-Office and digital signature, the designation of Deputy Accountant General (Accounts, VLC & CISO) has been omitted from the page.

(vii) In both receipts and charges parts of Consolidated Fund, name of last column is changed as ‘Remaining Share of Available Budget’ instead of earlier name ‘Progressive Last Year’.

(viii) In previous format, Receipts part of Consolidated Fund shows all Heads of Accounts i.e Revenue Receipts, Revenue Expenditure, Capital Receipts and Capital Expenditure. But, in present format, in receipts of Consolidated Fund, the Heads of Accounts of Revenue Expenditure and Capital Expenditure are omitted. These heads of Accounts are shown only in expenditure part of the consolidated fund as depicted earlier.

(ix) In charges part of Consolidated Fund, there was only one row-wise total figure of each major head of accounts. In present format, the total figure of each major head of accounts is additionally divided into two parts i.e.‘Committed’and‘Other’.

ADMINISTRATION GROUP

***Admin-I Section***:-

**1.** e-Office implemented for most of the files except the confidential ones.

**2.** SS-PIP Register, Establishment Register; CAG Inward Register have been prepared in excel sheet and are being put up through e- office as and when required.

**3.** Initiative for collecting present address of all staff through Google Sheet is presently in progress and nearly 75% staff has entered their address already in the provided link.

**4.** Digitized Database of serving employees is being prepared in excel sheet with tenure of group wise posting and educational qualification related details along with date of birth, date of joining, etc. fields which can be used as and when required for different purposes. The Database has been completed for Sr.AOs, AAOs, Supervisors; Asstt. Supervisors; Sr. Accountant and work is in progress for Accountant cadre.

**5.** All old personal files which are more than five years old have been disposed with approval of the DAG (Admn.).

**6.** Utmost efforts are being taken to ensure handing over of pensioner's identity card to retiring employees on the date of retirement itself. The drive has been successful for the months of February and March 2025.

***Training section:-***

Training section has adopted e- office fully for works done. Further, the Training section has proposed that an O&M study on Training Need Analysis by individual members of the staff may be carried out for preparation of Annual Calendar of In-housing Training.

***Welfare section:-***

The following updation and changes have been made from January, 2025 to till date in respect of Welfare section:

1. Revised rate chart of Departmental canteen w.e.f07.04.2025.

2. Installation of sound system.

***Treasury Buildings Institute.***

Procurement of soft luggage and Mementos for retiring employees will be done by the welfare section to streamline the procedure of placing the demand for this purpose and incurring expenditure under the head Grants-in-Aid from April,2025 for Financial Year2025-26 (as per Headquarters' office direction vide letter dt. 15.10.2024, that being a welfare activity, the expenditure on farewell ceremonies involving refreshment, soft luggage and mementos for retiring employees of IA&AD is to be incurred from the "Grants-in-Aid" Head, which is maintained by welfare section of this office).

***Admn. Hindi Cell:-***

. Change regarding the name of "Hindi Cell" to "Rajbhasha Section" is under process.

**PensionGroup:-**

New Services for benefit of pensioners:

1. SMS being sent to pensioners 18 months before their date of retirement for timely submission of duly filled up pension papers to their Pension Sanctioning Authority (PSA).

2. Again, SMS sent to pensioners 7 months before their date of retirement with request to ensure submission of their completed pension papers along with Service Book to AG Office 6 months in advance.

3. Pensioners, whose pension case has not been submitted even after their retirement are being alerted of the same along with request to contact their Head of Office/PSA for immediate submission of pension papers to AG office.

**INITIATIVES**

Following initiatives have been taken for modernization/digitization of office.

1) Submission of APAR started only for Branch Officers through SPARROW.




Work in Progress –"Digitization Cell"

2) Submission of leave and the request of reimbursement of Child Education Allowance for all the staff members of this office have been started through e-HRMS from this financial year i.e 2025-26. Accounts of all kinds of leave of the employees have also been maintained through e-HRMS.

**PROMOTION**

1) Sri Chinmoy Ghosh, Sri Tapas Chowdhury and Sri Molay Kanti Ghosh have been promoted to Assistant Supervisors and adjusted against three regular vacancies in the promoted post of Assistant Supervisor with effect from 01.11.2024(FN) and Sri Biresh Chandra Orow has been promoted to Assistant Supervisor and adjusted against one regular vacancy in the promoted post of Assistant Supervisor with effect from 01.12.2024(FN).

2) Twelve officials namely Sri Krishna Roy Biswas, Sri Vikash Dixit, Sri Pritam Ghosh, Sri Trinath Kandar, Sri Juned Hassan Ansari, Sri Samir Ranjan Das, Sri Abhay Kant Singh, Sri Subhas Ghosh, Sri Sumit Das, Sri Prabir Biswas and Sri Sanjib Jha, all Clerks and Sri Ankit Kumar Jha, MTS are promoted to the higher functional grade of Accountant in the Level-05 of the Pay Matrix of the CCS (Revised Pay) Rules, 2016 plus usual allowances with effect from 01.01.2025(FN) or the date on which they actually take over charge, whichever is later.

3) Five Multi Tasking Staff namely Sri Jagannath Routh, Sri Chandan Kumar, Smt. Moumita Ghosh, Sri Sanjay Raut-II and Sri Pronay Biswas are promoted to the higher functional grade of Clerk in the Level-02 of the Pay Matrix of the CCS (Revised Pay) Rules, 2016 plus usual allowances with effect from 01.01.2025(FN) or the date on which they actually take over charge, whichever is later.

4) Shri Sanatan Murmu, Shri Sudin Mondal and Smt, Juin Pal Choudhury, three provisionally promoted Supervisors have been promoted, on regular basis, to the cadre of Supervisor and adjusted against three regular vacancies in the promoted post of Supervisor with effect from 01.01.2025(FN).

5) Shri Shyamlal Murmu, provisionally promoted Supervisor has been promoted, on regular basis, to the cadre of Supervisor and adjusted against the regular vacancy in the promoted post of Supervisor with effect from 01.02.2025(FN).

6) Shri Pradip Tudu, provisionally promoted Supervisor has been promoted, on regular basis, to the cadre of Supervisor and adjusted against the regular vacancy in the promoted post of Supervisor with effect from 01.03.2025(FN).

7) Shri Mrinal Kanti Dey, Shri Subhas Naskar and Smt, Mita Pal, three provisionally promoted Assistant Supervisors have been promoted, on regular basis, to the cadre of Assistant Supervisor and adjusted against three regular vacancies in the promoted post of Assistant Supervisor with effect from 01.01.2025(FN).

8) Shri Tushar Kumar Samanta, provisionally promoted Assistant Supervisor has been promoted, on regular basis, to the cadre of Assistant Supervisor and adjusted against the regular vacancy in the promoted post of Assistant Supervisor with effect from 01.02.2025(FN).

9) Shri Krishna Chandra Kundu, Shri Asim Kumar Majumdar, Shri Supriyo Banerjee, Shri Sanmay Basu and Shri Debasish Chakraborty, all Assistant Accounts Officers have been promoted to the post of Senior Accounts Officer(Group'A')in pay scale(Rs.56100-Rs.177500)ofLevel-10 of Pay Matrix under CCS (Revised Pay) Rules, 2016 for the panel year 2025 with effect from 06.06.2025 (AN) or the date on which they take over charge as Sr. Accounts Officer, whichever is later.

10) Shri Pranay Biswas, Clerk has been promoted to the higher functional grade of Accountant in Level-05 of the Pay Matrix of the CCS (Revised Pay) Rules, 2016 plus usual allowances with effect from 25.04.2025(FN) or the date on which he actually takes over charge, whichever is later.

11) S/Shri/Smt. Mithun Ghosh, Moumita Ghosh and Suman Kundu, Clerks and S/Shri/Smt. Bikrom Mondal, Dhritiman Debnath, Md. Nazrul Hasan, Sumit Kumar Burnwal, Md. Imran, Gourab Basak, Bapi Dey and Pampa Biswas, all Multi Tasking Staffs have been promoted to the higher functional grade of Accountant in Level-05 of the Pay Matrix of the CCS (Revised Pay) Rules, 2016

plus usual allowances with effect from 29.04.2025(FN) or the date on which he actually takes over charge, whichever is later.

12) Shri Suman Kundu and Shri Ashutosh Kumar, both Multi- Tasking Staff have been promoted to the higher functional grade of Clerk in Level-02 of the Pay Matrix of the CCS (Revised Pay) Rules, 2016 plus usual allowances with effect from 28.04.2025(FN) and 29.04.2025(FN) or the date on which they actually take over charge, whichever is later.

13) Shri Malinda Hansda, one provisionally promoted Supervisor have been promoted, on regular basis, to the cadre of Supervisor and adjusted against one regular vacancy in the promoted post of Supervisor with effect from 01.06.2025(FN) and Shri Ratnadip Dasgupta, Assistant Supervisor has been promoted to the post of Supervisor in Level-08 under the CCS (Revised Pay) Rules, 2016 plus usual allowances w.e.f 01.07.2025(FN) or the date of taking over his charge, whichever is later.

**Congratulations to all of them.**

# SPORTS



1) Shri Brijesh Yadav, Accountant participated as a player in the Yonex Sunrise Dr. Akhlesh Das Gupta Memorial All India Senior Ranking Badminton Tournament, 2024 held at Lucknow (U.P) from 12$^{th}$ to 19$^{th}$ October, 2024. He also took part in the pre-participation camp held at Railway Sports Complex (RRC) Secunderabad from 23.08.2024 to 04.09.2024 and also participated in the Central Zone Badminton Championshi, 2024 at Pullela Gopichand Badminton Academy, Gochibowli, Hyderabad from 05.09.2024 to 08.09.2024.

2) Ms. Sayantika Dutta, Sr. Accountant participated as Assiatant Coach & Manager of Bengal Team in the 86th Senior National Badminton Championship to be held at Bangalore, Karnataka from 20th to 24th December, 2024. Ms. Dutta also participated in the 47th Indian Masters National Badminton Championship, 2024-25 held at Mapusa, Goa from 16th to 23rd March, 2025.

3) Shri Rathin Kapat, Sr. Accountant acted as Technical Official in the IA&AD South Zone Carrom Tournament, 2024-25 held at Chennai from 16th-17th October, 2024 under the convenership of the Office of the Pr. Accountant General (A&E), Tamil Nadu, Chennai and IA&AD West Zone Carrom Tournament, 2024-25 held at Raipur from 11th-13th November, 2024 under the convenership of the Office of the Pr. Accountant General (Audit), Chhattisgarh, Raipur.

4) Shri Saroj Biswas, Shri Prasanta Basak, Smt. Shyamali Biswas and Smt. Lata Shaw, Carrom players of this office participated in the All India Civil Services Carrom Tournament 2024-25 held from 17.02.2025 to 22.02.2025 at Shiv Chhatrapati Sports Complex, Mhalunge , Balewadi, Pune, Maharashtra.

5) Shri Rathin Kapat, Sr. Accountant and Shri Samit Biswas, Asstt. Supervisor acted as Technical Officials in the IA&AD North Zone Table Tennis Tournament, 2024-25 held at Chennai from 07.10.2024 to 09.10.2024 under the convenership of the Office of the Pr. Accountant General (Audit), Haryana, Chandigarh.

6) Shri Mayank Sharma, Accountant took part in the Coaching camp held at NCOE SAI Sonipat, Haryana from 26th to 28th October, 2024 for participation in the 14th Hockey India Senior National Championship 2024.

7) The AGWB Hockey Team participated in the ensuing IA&AD Inter Zonal Hockey Tournament, 2024-25 held at Kolkata from 23.03.2025 to 27.03.2025 under the convenership of Office of the DGA(Central), Kolkata.




8) Shri Jaydip Das, Sr. Accountant represented IA&AD in the National Ranking Table Tennis Championship, 2024 to be held at Tau Devi Lal Indoor Stadium, Panchkula, Haryana from 15th-24th November, 2024 and also took part in the National Ranking Table Tennis Championship, 2024 held at Sree Kanteerava Indoor Stadium, Kasturba Road, Near Cubbon Park, Bengaluru from 15th-22nd December, 2024.

9) Shri Jayanta Mandal, Shri Ankur Basak and Shri Das represented RSB, Kolkata Table Tennis team in the All India Civil Services Table Tennis Tournament 2024-25 held at Thyagraj Stadium, INA, New Delhi from 16.03.2025 to 20.03.2025.

10) Shri Debayan Saha, Sri Avinabo Bag, Sri Anik Dey, Sri Arijeet Singh, Sri Jobby Justin and Sri Kousik Sarkar participated in the All India Civil Services Football Tournament 2024-25 held from 09.12.2024 to 16.12.2024 at Tilak Maidan, Vasco, South Goa & DSYA Football Ground in Cansaulim, Goa.

11) S/Shri Arup Tripathi, Prosenjit Das, Subhojit Banerjee, Vivek Kumar Singh, Abhishek Kumar Raman, Susanta Das and Sayan Ghosh, cricket players of this office played against All India Cricket Research Inst. On 27.03.2025 at P&T Ground, Kolkata in the NCC Inter Office Cricket League Cum Knock Out Tournament 2024-25. They also participated in the IA&AD East Zone Cricket Tournament, 2024-25 held at Kolkata from 17th to 20th March, 2025 under the convenership of Office of the Pr. AG (Audit-II), WB.

## WELFARE ACTIVITIES

As a part of Disaster Management to create awareness among the volunteers to clear the concept of handling emergency situation and in order to get knowledge of operating fire extinguishers, authorized persons of M/s Sumit Fire Equipments Pvt. Ltd demonstrated the operation of different types of fire extinguishers on 28.01.2025 at this office complex.

## CELEBRATION

1) The Vigilance Awareness Week has been observed this year from 28th October, 2024 to 3rd November, 2024.

2) Opening ceremony for celebration of Audit Diwas and Audit Week 2024 has been organized by offices of Indian Audit and Accounts Department at Kolkata on 20.11.2024 at the Treasury Building Lawns, A.G.Bengal.

3) The Treasury Buildings Institute organized the traditional programme of "Shishu Utsab 2024-25" on 23rd January, 2025 at Treasury Buildings Lawn for the children of the office employees.

4) The 76th Republic Day of India has been observed at the lawn adjacent to Treasury Buildings Institute Hall of this office with hoisting of National Flag in the presence of the Officers and Officials at 9.30am. To celebrate the day in a befitting manner, a cultural programme has also been organized "with the essence of patriotism".

5) The Treasury Buildings Institute organized Intra-Badminton Tournament from 20th to 21st January, 2025 and Short Hand Cricket Tournament from 6th to 7th February, 2025 amongst all members of three constituent offices of Treasury Buildings Institute i.e Office of the Accountant General (A&E), West Bengal, Office of the Pr. Accountant General (Audit-I), West Bengal and Office of the Director General of Audit (Central), Kolkata at Treasury Buildings Institute lawn.

6) 11th International Yoga Day has been celebrated on 21st June, 2025 by the officers and officials of this office along with their family members through official Teams link to spread awareness about the benefits of Yoga.

# RETIREMENT









1) Shri Subir Sarkar, Supervisor, Shri Tapas Bose, Assistant Supervisor, Shri Goutam Roy, Assistant Supervisor, Smt. Sharmistha Bhowmick, Assistant Supervisor and Shri Tapas Kumar Sarder, Sr. Accountant retired on superannuation on 31.10.2024(AN).

2) Shri Subrata Bose, Assistant Supervisor, Shri Purnendu Shekhar Baidya, Senior Accountant and Shri Sankar Biswas, Senior Accountant retired on superannuation on 30.11.2024(AN).

3) Shri Anand Kumar Pandey, Assistant Accounts Officer, Smt. Anita Aich, Supervisor, Shri Sanat Kumar Das, Supervisor, Shri Sutanu Deb Barman, Supervisor, Smt. Bithi Ghosh, Assistant Supervisor, Smt. Santa Shaw, Assistant Supervisor and Shri Pabitra Kumar Sengupta, Assistant Supervisor retired on superannuation on 31.12.2024(AN).

4) Shri Tushar Baran Marik, Sr. Accounts Officer, Shri Subhasish Das Gupta, Sr. Accounts Officer, Shri S. Vijay Raju, Sr. Accounts Officer, Shri Subhas Chandra Mandal-I, Supervisor, Shri Bikash Chandra Mallick, Supervisor and Shri Amaresh Mitra, Assistant Supervisor retired on superannuation on 31.01.2025(AN).

5) Smt. Kaberi Nandy, Assistant Accounts Officer and Shri Chandra Shekhar Bhagat, Supervisor retired on superannuation on 28.02.2025(AN).

6) Shri Dipak Kumar Bhowmick, Sr. Accounts Officer, Shri Janak Lal Mojumder, Private Secretary, Shri Hiralal Naskar, Assistant Supervisor and Shri Asit Kumar Bayen, Accountant retired on superannuation on 31.03.2025(AN).

7) Shri Gopal Chandra Sarkar, Sr. Accountant and Shri Prem Kumar Shaw, Clerk retired on superannuation on 30.04.2025(AN).

8) Shri Pradip Tudu, Supervisor, Shri Mridul Das, Sr. Accountant, Shri Rabindra Nath Thakur, Sr. Accountant, Shri Shishir Khan, Sr. Accountant and Shri Kali Shankar Dutta retired on superannuation on 31.05.2025(AN).



9) Smt. Neena Sen, Supervisor, Shri Dipak Das-I, Supervisor, Shri Pradip Kumar Naskar, Asstt. Supervisor and Shri Ashis Kumar Sarkar, Sr. Accountant retired on superannuation on 30.06.2025(AN).

**Best wishes for their post-retirement life.**

**लेखा संवाद**

**कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) पश्चिम बंगाल, कोलकाता-700001 का संवाद पत्र**

**अंक: अक्टूबर, 2024 -जून, 2025 अंक: LXXXVII**

प्रिय साथियों,

वर्ष का सबसे प्रतीक्षित समय मानसून, मूसलाधार बारिश और गरज के साथ आ गया है। अधिक या कम वर्षा, बाढ़ या सूखे का कारण बन सकती है जिससे खाद्य सुरक्षा, आजीविका और समग्र अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इस वर्ष वनों और धान के खेतों का समय पर कायाकल्प हो गया है। इस शुभ अवसर पर, एजी बंगाल परिवार के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की कामना करता हूँ।

उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, निष्पक्षता और सामूहिक प्रयास इस महान संगठन की प्रेरक शक्ति हैं। आशा है कि अनुभवी पेशेवर और युवा अपनी पहल और अन्वेषण से इस क्षेत्र में ख्याति अर्जित करेंगे।

यह नहीं भूलना है कि भारी बारिश और सर्वत्र जलभराव की समस्या जल्द ही समाप्त होगी और त्योहारों का मौसम शरद, अब दूर नहीं है।

जीवन में सौभाग्य एवं सुखद क्षणों के लिए शुभकामनाएं।

अनिंद्य दासगुप्ता

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),पश्चिम बंगाल

## ***कार्य क्षेत्र में किए गए उन्नयन और परिवर्तन***

**निधि समूह:**

**(**क) जीपीएफ अंशदाताओं के साथ निम्नलिखित के संबंध में संवाद करने के लिए एसएमएस सुविधाएं शुरू की गई हैं:

**(i)** प्रतीक्षारत नामांकन (**ii)** नामांकन स्वीकृति/वापसी और **(iii)** नए जीपीएफ नंबर का आवंटन और दोषपूर्ण आवंटन आवेदन की वापसी।

**(**ख) जनवरी, **2025** से जून, **2025** की अवधि के दौरान निपटाए गए अंतिम भुगतान मामलों की कुल संख्या:

जनवरी, **2025 - 1062**
फरवरी, **2025 - 966**
मार्च, **2025 - 634**
अप्रैल, **2025 - 696**
मई, **2025 - 766**
जून, **2025 - 770**

**लेखा समूह:**

पश्चिम बंगाल सरकार के लेखा समूह के मासिक सिविल लेखा (एमसीए) में कुछ अद्यतन और परिवर्तन किए गए हैं।

i) फरवरी **2025** से एमसीए को डिजिटल रूप से डिजिटल हस्ताक्षर के साथ राज्य सरकार को भेजा गया है।

ii) एमसीए को अधिक कॉम्पैक्ट और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए एमसीए के ए**3** पेपर प्रारूप को ए**4** पेपर प्रारूप में बदल दिया गया है।

iii) एक नया पृष्ठ**,** जिसमें दो लोगो होंगे**,** एक कैग का और दूसरा पश्चिम बंगाल सरकार का, को कवर पेज माना जाएगा। इसलिए**,** 'सामान्य लेखा विवरण' शीर्षक वाले **एमसीए** के पिछले कवर पेज को दूसरा पेज माना जाएगा।

iv) एक विषय-सूची प्रस्तुत की गई है।

v) पहले**,** प्राप्तकर्ता और दिनांक के साथ मेमो संख्या कवर पेज के अगले पृष्ठ पर दर्शाई जाती थी। अब**,** प्राप्तकर्ता और दिनांक के साथ मेमो संख्या को पिछले प्रारूप से प्रतिस्थापित कर दिया गया है तथा हाल ही में शुरू किए गए अग्रेषण पत्र में सम्मिलित कर दिया गया है।

vi) पहले**,** 'समावेशन एवं बहिष्करण विवरण' शीर्षक वाले पृष्ठ पर हस्ताक्षर हेतु उप महालेखाकार (लेखा**,** वीएलसी एवं सीआईएसओ) का पदनाम था। अब**,** ई-ऑफिस एवं डिजिटल हस्ताक्षर के प्रचलन के कारण**,** उप महालेखाकार (लेखा**,** वीएलसी एवं सीआईएसओ) का पदनाम पृष्ठ से हटा दिया गया है।

vii) समेकित निधि की प्राप्ति और प्रभार दोनों भागों में**,** अंतिम कॉलम का नाम पहले के नाम 'प्रगतिशील विगत वर्ष' **(Progressive Last Year)** के स्थान पर 'उपलब्ध बजट का शेष हिस्सा' **(Remaining Share of Available Budget)** के रूप में परिवर्तित किया गया है।

viii) पिछले प्रारूप में**,** समेकित निधि के प्राप्तियों वाले भाग में सभी लेखा शीर्ष यथा राजस्व प्राप्तियाँ**,** राजस्व व्यय**,** पूँजीगत प्राप्तियाँ और पूँजीगत व्यय दर्शाए जाते थे। लेकिन**,** वर्तमान प्रारूप में**,** समेकित निधि की प्राप्तियों में**,** राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय के लेखा

शीर्षों को हटा दिया गया है। ये लेखा शीर्ष केवल समेकित निधि के व्यय भाग में दर्शाए जाते हैं, जैसा कि पहले दर्शाया गया है।

ix) समेकित निधि के प्रभार भाग में, प्रत्येक मुख्य लेखा शीर्ष का कुल केवल एक पंक्तिवार आँकड़ा था। वर्तमान प्रारूप में, प्रत्येक मुख्य लेखा शीर्ष का कुल आँकड़ा अतिरिक्त रूप से दो भागों में विभाजित है- **'सुपुर्द'** **(Committed)** और **'अन्य'**। **(Other)**

## प्रशासन समूह:

**प्रशासन-I अनुभाग:**

1. गोपनीय फाइलों को छोड़कर अधिकांश फाइलों के लिए ई-ऑफिस लागू किया गया।

**2.** एसएस-पीआईपी रजिस्टर, स्थापना रजिस्टर; सीएजी आवक रजिस्टर एक्सेल शीट में तैयार किए गए हैं और आवश्यकतानुसार ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

3. गूगल शीट के माध्यम से सभी कर्मचारियों का वर्तमान पता एकत्र करने की पहल वर्तमान में प्रगति पर है और लगभग 75% कर्मचारियों ने पहले ही दिए गए लिंक में अपना पता दर्ज कर लिया है।

4. कार्यरत कर्मचारियों का डिजिटल डेटाबेस एक्सेल शीट में तैयार किया जा रहा है, जिसमें समूहवार पद और शैक्षिक योग्यता संबंधी विवरण, जन्मतिथि, कार्यभार ग्रहण तिथि आदि शामिल हैं, जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। वरिष्ठ लेखा अधिकारियों, सहायक लेखा अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, सहायक पर्यवेक्षकों, वरिष्ठ लेखाकार संवर्ग के लिए डेटाबेस तैयार हो चुका है और लेखाकार संवर्ग के लिए कार्य प्रगति पर है।

5. सभी पुरानी व्यक्तिगत फाइलें जो पांच वर्ष से अधिक पुरानी हैं, डीएजी (प्रशासन) के अनुमोदन से उनका निपटान किया गया है।

6. सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति की तिथि पर ही पेंशनभोगी पहचान पत्र सौंपना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह अभियान फरवरी और मार्च 2025 के महीनों के लिए सफल रहा है।

**<u>प्रशिक्षण अनुभाग:</u>**

प्रशिक्षण अनुभाग ने अपने कार्यों के लिए ई-ऑफिस को पूर्णतः अपना लिया है। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण अनुभाग ने प्रस्ताव दिया है कि आंतरिक प्रशिक्षण का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने हेतु कर्मचारियों के व्यक्तिगत सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण पर एक संचालन एवं प्रबंधन अध्ययन किया जा सकता है।

**<u>कल्याण अनुभाग:-</u>**

जनवरी, **2025** से आज तक कल्याण अनुभाग के संबंध में निम्नलिखित अद्यतन एवं परिवर्तन किए गए हैं:

1. विभागीय कैंटीन का संशोधित दर चार्ट **07.04.2025** से प्रभावी।

2. ध्वनि प्रणाली (**Sound System**) की स्थापना।

**<u>ट्रेजरी बिल्डिंग्स इंस्टिट्यूट</u>**

सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सॉफ्ट सामान और स्मृति चिन्हों की खरीद कल्याण अनुभाग द्वारा की जाएगी ताकि इस उद्देश्य के लिए मांग रखने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सके और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अप्रैल, 2025 से अनुदान-सहायता शीर्ष के तहत व्यय किया जा सके (मुख्यालय के पत्र दिनांक 15.10.2024 के अनुसार, एक कल्याणकारी गतिविधि होने के नाते, आईए&एडी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए जलपान, सॉफ्ट सामान और स्मृति चिन्हों से संबंधित विदाई समारोहों पर व्यय "अनुदान-सहायता" (**Grant-in-Aid)** शीर्ष से किया जाना है, जिसका रखरखाव इस कार्यालय के कल्याण अनुभाग द्वारा

किया जाता है)।

**<u>प्रशासन हिंदी सेल:</u>**

'प्रशासन हिंदी सेल' का नाम "राजभाषा अनुभाग" किये जाने के संबंध में परिवर्तन प्रक्रियाधीन है।

## <u>पेंशन समूह:</u>

<u>पेंशनभोगियों के लाभ के लिए नई सेवाएं:</u>

1. पेंशन स्वीकृति प्राधिकरण (पीएसए) को विधिवत भरे हुए पेंशन दस्तावेज समय पर जमा करने के लिए पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति की तिथि से 18 महीने पहले, एसएमएस भेजा जा रहा है।

**2.** पुनः, पेंशनभोगियों को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि से **7** महीने पहले एसएमएस भेजा गया, जिसमें अनुरोध किया गया कि वे अपने पूर्ण पेंशन कागजात, सेवा पुस्तिका के साथ **6** महीने पहले महालेखाकार कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**3.** जिन पेंशनभोगियों का पेंशन मामला उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन्हें इसके बारे में सचेत किया जा रहा है तथा अनुरोध किया जा रहा है कि वे अपने पेंशन कागजात तत्काल महालेखाकार कार्यालय में जमा कराने के लिए अपने कार्यालय प्रमुख/पीएसए से संपर्क करें।

## पहलें:

**कार्यालय के आधुनिकीकरण/डिजिटलीकरण के लिए निम्नलिखित पहल की गई हैं:**

1. केवल शाखा अधिकारियों के लिए स्पैरो के माध्यम से एपीएआर प्रस्तुत करना शुरू हुआ।

2. इस कार्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए अवकाश जमा करने और बाल शिक्षा भत्ते की प्रतिपूर्ति हेतु अनुरोध, इस वित्तीय वर्ष अर्थात **2025-26** से ई-एचआरएमएस के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाशों का लेखा-जोखा भी ई-एचआरएमएस के माध्यम से रखा गया है।




**प्रगति पर कार्य - "डिजिटलीकरण प्रकोष्ठ"**

## पदोन्नति

1) श्री चिन्मय घोष, श्री तापस चौधरी और श्री मलय कांति घोष को 01.11.2024 (पूर्वाह्न) से सहायक पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है और सहायक पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद पर तीन नियमित रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया गया है। श्री बिरेश चंद्र उराव को 01.12.2024 (पूर्वाह्न) से सहायक पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है और सहायक पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद पर एक

नियमित रिक्ति के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

2) बारह कर्मचारी नामशः श्री कृष्ण रॉय बिस्वास, श्री विकास दीक्षित, श्री प्रीतम घोष, श्री त्रिनाथ कांदार, श्री जुनेद हसन अंसारी, श्री समीर रंजन दास, श्री अभय कांत सिंह, श्री सुभाष घोष, श्री सुमित दास, श्री प्रबीर बिस्वास और श्री संजीब झा, सभी लिपिक और श्री अंकित कुमार झा, एमटीएस को 01.01.2025 (पूर्वाह्न) या जिस तारीख को वे वास्तव में कार्यभार संभालते हैं, जो भी बाद में हो, से सामान्य भत्ते सहित सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-05 में लेखाकार के उच्चतर कार्यात्मक ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है।

3) पांच मल्टी टास्किंग स्टाफ अर्थात श्री जगन्नाथ राउत, श्री चंदन कुमार, श्रीमती मौमिता घोष, श्री संजय राउत-II और श्री प्रणय बिस्वास को 01.01.2025 (पूर्वाह्न) या जिस तारीख को वे वास्तव में कार्यभार संभालते हैं, जो भी बाद में हो, से सामान्य भत्ते सहित सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-02 में लिपिक के उच्चतर कार्यात्मक ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है।

**4)** श्री सनातन मुर्मू, श्री सुदीन मंडल और श्रीमती जुईन पाल चौधरी, तीन अनंतिम रूप से पदोन्नत पर्यवेक्षकों को **01.01.2025 (**पूर्वाह्न) से नियमित आधार पर पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है और पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद में तीन नियमित रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

**5)** श्री श्यामलाल मुर्मू, अनंतिम रूप से पदोन्नत पर्यवेक्षक को दिनांक **01.02.2025** (पूर्वाह्न) से नियमित आधार पर पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है तथा पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद पर नियमित रिक्ति के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

**6)** श्री प्रदीप टुडू, अनंतिम रूप से पदोन्नत पर्यवेक्षक को **01.03.2025** (पूर्वाह्न) से नियमित आधार पर पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है और पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद में नियमित रिक्ति के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

**7)** श्री मृणाल कांति डे, श्री सुभाष नस्कर और श्रीमती मीता पाल, तीन अनंतिम रूप से पदोन्नत सहायक पर्यवेक्षकों को **01.01.2025 (**पूर्वाह्न**)** से नियमित आधार पर सहायक पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है और सहायक पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद में तीन नियमित रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

**8)** श्री तुषार कुमार सामंत, अनंतिम रूप से पदोन्नत सहायक पर्यवेक्षक को **01.02.2025 (**पूर्वाह्न**)** से नियमित आधार पर सहायक पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है और सहायक पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद में नियमित रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया गया है।

**9)** श्री कृष्ण चंद्र कुंडू, श्री असीम कुमार मजूमदार, श्री सुप्रियो बनर्जी, श्री सन्मय बसु और श्री देबाशीष चक्रवर्ती, सभी सहायक लेखा अधिकारियों को पैनल वर्ष

**2025** के लिए **06.06.2025 (**अपराह्न) या जिस तिथि को वे वरिष्ठ लेखा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हैं**,** जो भी बाद में हो**,** से सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम**, 2016** के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स के स्तर-**10** के वेतनमान **(₹56100-₹177500)** में वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समूह **'**क**')** के पद पर पदोन्नत किया गया है।

**10)** श्री प्रणय बिस्वास**,** लिपिक को भी **25.04.2025 (**पूर्वाह्न) या जिस तिथि को वह वास्तव में कार्यभार ग्रहण करते हैं**,** जो भी बाद में हो**,** से सामान्य भत्ते सहित सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम**, 2016** के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-**05** में लेखाकार के उच्चतर कार्यात्मक ग्रेड में पदोन्नत किया गया है।

11) सर्वश्री/श्रीमती मिथुन घोष**,** मौमिता घोष और सुमन कुंडू**,** लिपिक और सर्वश्री/श्रीमती बिक्रम मंडल**,** धृतिमान देबनाथ**,** मोहम्मद नज़रुल हसन**,** सुमीत कुमार बर्णवाल**,** मोहम्मद इमरान**,** गौरव बसाक**,** बापी डे और पम्पा बिस्वास**,** सभी मल्टी टास्किंग स्टाफ को 29.04.2025 (पूर्वाह्न**)** या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, जो भी बाद में हो, से सामान्य भत्तों सहित केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम**,** 2016 के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-05 में लेखाकार के उच्चतर कार्यात्मक ग्रेड में पदोन्नत किया गया है।

12) श्री सुमन कुंडू और श्री आशुतोष कुमार**,** दोनों मल्टी-टास्किंग स्टाफ को 28.04.2025 (पूर्वाह्न) और 29.04.2025 (पूर्वाह्न) या जिस तिथि को वे वास्तव

में कार्यभार संभालते हैं, जो भी बाद में हो, से सामान्य भत्तों सहित सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-02 में क्लर्क के उच्च कार्यात्मक ग्रेड में पदोन्नत किया गया है।

13) श्री मालिंदा हांसदा, एक अनंतिम रूप से पदोन्नत पर्यवेक्षक को 01.06.2025 (पूर्वाह्न) से नियमित आधार पर पर्यवेक्षक के संवर्ग में पदोन्नत किया गया है और पर्यवेक्षक के पदोन्नत पद में एक नियमित रिक्ति के सापेक्ष समायोजित किया गया है और श्री रत्नदीप दासगुप्ता, सहायक पर्यवेक्षक को 01.07.2025 (पूर्वाह्न) से या उनके कार्यभार संभालने की तिथि से, जो भी बाद में हो, सामान्य भत्ते सहित सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के तहत लेवल-08 में पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

**इन सभी को बधाइयाँ।**

# <u>खेल</u>



1) श्री बृजेश यादव, लेखाकार ने 12 से 19 अक्टूबर, 2024 तक लखनऊ (यूपी) में आयोजित योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट, 2024 में एक खिलाड़ी के रूप में भाग लिया। उन्होंने 23.08.2024 से 04.09.2024 तक रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (आरआरसी) सिकंदराबाद में आयोजित पूर्व-भागीदारी शिविर में भाग लिया और 05.09.2024 से 08.09.2024 तक पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी, गोचीबोवली, हैदराबाद में सेंट्रल ज़ोन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2024 में भी भाग लिया।

**2)** सुश्री सयंतिका दत्ता, वरिष्ठ लेखाकार, ने **20** से **24** दिसंबर, **2024** तक बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित होने वाली **86**वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन

चैंपियनशिप में बंगाल टीम की सहायक कोच और प्रबंधक के रूप में भाग लिया। सुश्री दत्ता ने **16** से **23** मार्च, **2025** तक मापुसा, गोवा में आयोजित **47**वीं इंडियन मास्टर्स राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, **2024-25** में भी भाग लिया।

**3)** श्री रथिन कपाट, वरिष्ठ लेखाकार ने कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), तमिलनाडु, चेन्नई के संयोजन में **16-17** अक्टूबर, **2024** को चेन्नई में आयोजित आईए&एडी साउथ जोन कैरम टूर्नामेंट, **2024-25** और कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), छत्तीसगढ़, रायपुर के संयोजन में **11-13** नवंबर, **2024** को रायपुर में आयोजित आईए&एडी वेस्ट जोन कैरम टूर्नामेंट, **2024-25** में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य किया।

**4)** इस कार्यालय के कैरम खिलाड़ी श्री सरोज बिस्वास, श्री प्रशांत बसाक, श्रीमती श्यामली बिस्वास और श्रीमती लता शॉ ने **17.02.2025** से **22.02.2025** तक शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, म्हालुंगे, बालेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम टूर्नामेंट **2024-25** में भाग लिया।

**5)** श्री रथिन कपाट, वरिष्ठ लेखाकार और श्री समित विश्वास, सहायक पर्यवेक्षक ने कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), हरियाणा, चंडीगढ़ के संयोजन में दिनांक **07.10.2024** से **09.10.2024** तक चेन्नई में आयोजित आईए&एडी नॉर्थ जोन टेबल टेनिस टूर्नामेंट, **2024-25** में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य किया।

**6)** श्री मयंक शर्मा, लेखाकार ने **14**वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप **2024** में भाग लेने के लिए **26** से **28** अक्टूबर, **2024** तक एनसीओई साई सोनीपत, हरियाणा में आयोजित कोचिंग शिविर में भाग लिया।

**7)** एजीडब्ल्यूबी हॉकी टीम ने कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय), कोलकाता के संयोजन में **23.03.2025** से **27.03.2025** तक कोलकाता में आयोजित आईए&एडी इंटर जोनल हॉकी टूर्नामेंट, **2024-25** में भाग लिया।

**8)** श्री जयदीप दास, वरिष्ठ लेखाकार ने **15-24** नवंबर, **2024** तक ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम, पंचकुला, हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप, **2024** में आईए&एडी का प्रतिनिधित्व किया और **15-22** दिसंबर, **2024** तक श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम, कस्तूरबा रोड, कब्बन पार्क के पास, बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप, **2024** में भी भाग लिया।




9) श्री जयंत मंडल, श्री अंकुर बसाक और श्री दास ने 16.03.2025 से 20.03.2025 तक त्यागराज स्टेडियम, आईएनए, नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024-25 में आरएसबी, कोलकाता टेबल टेनिस टीम का प्रतिनिधित्व किया।

**10)** श्री देबयान साहा, श्री अविनबो बाग, श्री अनिक डे, श्री अरिजीत सिंह, श्री जॉबी जस्टिन और श्री कौशिक सरकार ने **09.12.2024** से **16.12.2024** तक तिलक मैदान, वास्को, दक्षिण गोवा और डीएसवाईए फुटबॉल ग्राउंड, कंसौलिम, गोवा में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल टूर्नामेंट **2024-25** में भाग लिया।

11) इस कार्यालय के क्रिकेट खिलाड़ी श्री अरूप त्रिपाठी, प्रोसेनजीत दास, सुभोजित बनर्जी, विवेक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार रमन, सुशांत दास और सायन घोष ने **27.03.2025** को पी एंड टी ग्राउंड, कोलकाता में अखिल भारतीय क्रिकेट अनुसंधान संस्थान के विरुद्ध एनसीसी अंतर-कार्यालय क्रिकेट लीग सह नॉकआउट टूर्नामेंट **2024-25** खेला। उन्होंने पश्चिम बंगाल के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा-**II**) कार्यालय के संयोजन में **17** से **20** मार्च, **2025** तक कोलकाता में आयोजित आईएए&एडी ईस्ट ज़ोन क्रिकेट टूर्नामेंट, **2024-25** में भी भाग लिया।

## कल्याणकारी गतिविधियां

आपदा प्रबंधन के एक भाग के रूप में, स्वयंसेवकों में जागरूकता पैदा करने, आपातकालीन स्थिति से निपटने की अवधारणा को स्पष्ट करने और अग्निशामक यंत्रों के संचालन का ज्ञान प्राप्त करने के लिए, मेसर्स सुमित फायर इक्विप्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत व्यक्तियों ने 28.01.2025 को इस कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के संचालन का प्रदर्शन किया।

## समारोह

1) इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह **28** अक्टूबर, **2024** से **3** नवंबर, **2024** तक मनाया गया है।

**2)** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग, कोलकाता के कार्यालयों द्वारा लेखापरीक्षा दिवस एवं लेखापरीक्षा सप्ताह **2024** के आयोजन हेतु उद्घाटन

समारोह **20.11.2024** को ट्रेजरी बिल्डिंग लॉन्स, ए.जी.बंगाल में आयोजित किया गया है।

**3)** ट्रेजरी बिल्डिंग्स इंस्टीट्यूट ने कार्यालय कार्मिकों के बच्चों के लिए **23** जनवरी, **2025** को ट्रेजरी बिल्डिंग्स लॉन में **"**शिशु उत्सव **2024-25"** का पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किया।

**4)** भारत का **76**वाँ गणतंत्र दिवस इस कार्यालय के ट्रेजरी बिल्डिंग इंस्टीट्यूट हॉल से सटे लॉन में सुबह **9.30** बजे अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मनाया गया। इस दिन को भव्य रूप से मनाने के लिए, **"**देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत**"** एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

**5)** ट्रेजरी बिल्डिंग्स इंस्टीट्यूट ने **20** से **21** जनवरी, **2025** तक इंट्रा-बैडमिंटन टूर्नामेंट और **6** से **7** फरवरी, **2025** तक ट्रेजरी बिल्डिंग्स इंस्टीट्यूट के तीन घटक कार्यालयों, यथा कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), पश्चिम बंगाल, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-**I**), पश्चिम बंगाल और कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) , कोलकाता के सभी सदस्यों के बीच ट्रेजरी बिल्डिंग्स इंस्टीट्यूट लॉन में शॉर्ट हैंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया।

**6)** योग के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनके परिवार के सदस्यों के साथ आधिकारिक

टीम्स लिंक के माध्यम से **21** जून, **2025** को **11**वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है।

# सेवानिवृत्ति









1) श्री सुबीर सरकार, पर्यवेक्षक, श्री तापस बोस, सहायक पर्यवेक्षक, श्री गौतम रॉय, सहायक पर्यवेक्षक, श्रीमती शर्मिष्ठा भौमिक, सहायक पर्यवेक्षक और श्री तापस कुमार सरदार, वरिष्ठ लेखाकार 31.10.2024 (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

2) श्री सुब्रत बोस, सहायक पर्यवेक्षक, श्री पूर्णेन्दु शेखर बैद्य, वरिष्ठ लेखाकार और श्री शंकर विश्वास, वरिष्ठ लेखाकार 30.11.2024 (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**3)** श्री आनंद कुमार पांडे, सहायक लेखा अधिकारी, श्रीमती अनीता आइच, पर्यवेक्षक, श्री सनत कुमार दास, पर्यवेक्षक, श्री सुतनु देब बर्मन, पर्यवेक्षक, श्रीमती बीथी घोष, सहायक पर्यवेक्षक, श्रीमती सांता शॉ, सहायक पर्यवेक्षक और श्री पबित्र कुमार सेनगुप्ता, सहायक पर्यवेक्षक **31.12.2024** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**4)** श्री तुषार बरन मारीक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री सुभाशीष दास गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री एस. विजय राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री सुभास चंद्र मंडल-**I**, पर्यवेक्षक, श्री विकास चंद्र मल्लिक, पर्यवेक्षक और श्री अमरेश मित्रा, सहायक पर्यवेक्षक **31.01.2025** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**5)** श्रीमती काबेरी नंदी, सहायक लेखा अधिकारी और श्री चंद्रशेखर भगत, पर्यवेक्षक **28.02.2025** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**6)** श्री दीपक कुमार भौमिक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री जनक लाल मजूमदार, निजी सचिव, श्री हीरालाल नस्कर, सहायक पर्यवेक्षक और श्री असित कुमार बायेन, लेखाकार **31.03.2025** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**7)** श्री गोपाल चंद्र सरकार, वरिष्ठ लेखाकार और श्री प्रेम कुमार शॉ, लिपिक **30.04.2025** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**8)** श्री प्रदीप टुडू, पर्यवेक्षक, श्री मृदुल दास, वरिष्ठ लेखाकार, श्री रवीन्द्र नाथ ठाकुर, वरिष्ठ लेखाकार, श्री शिशिर खान, वरिष्ठ लेखाकार और श्री काली शंकर दत्ता **31.05.2025** (अपराह्न) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।




**9)** श्रीमती नीना सेन, पर्यवेक्षक, श्री दीपक दास-I, पर्यवेक्षक, श्री प्रदीप कुमार

नस्कर, सहायक पर्यवेक्षक और श्री आशीष कुमार सरकार, वरिष्ठ लेखाकार **30.06.2025** (अपराहन) को अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्त हुए।

**सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं।**